पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

व्यक्तित्व को अच्छा बनाने के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक- श्री राज्यपाल

लखनऊ: 29 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज सुल्तानपुर जनपद के हमीद अहमद मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कालेज दोस्तपुर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व को अच्छा बनाने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। शिक्षा के साथ नियमित व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है और मनुष्य बेहतर कार्य कर सकता है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा अच्छे ढंग से ग्रहण करनी चाहिए, जिससे लोगों को ऐसा लगे कि इस कालेज में अच्छी शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि न कोई पिछड़ा है और न कोई अगडा, जो मेहनत करता है वही आगे बढ़ता है। गाँव हो या शहर, जो मेहनत से पढ़ाई करेगा वह आगे बढेगा।

श्री नाईक ने छात्राओं का आह्वान किया कि उनके मन में एक संकल्प होना चाहिए कि हम देश के लिए कुछ करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रायें अच्छी तरह पढ़ाई करें और पढ़ाई के साथ व्यायाम करें एवं खेल भी खेंले। खेल से हिम्मत व ताकत बढती है तथा शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि जब वह कही भी जायें तो उन्हें इस बात का गर्व हो कि उन्होंने किस विद्यालय से पढाई की है। उन्होंने गर्ल्स कालेज के पठन-पाठन एवं कालेज भवन तथा छात्राओं के अनुशासन की सराहना की।

श्री नाईक ने कहा कि व्यक्तित्व को अच्छा बनाने के लिए चार बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बात- मुस्कराते रहें। दूसरी बात- यदि कोई व्यक्ति अच्छा कार्य करें उसे एप्रीसिऐट करें। तीसरी बात- किसी की अवमानना न करें और अपनी प्रगति पर अहंकार न करें। चैथी बात- जो भी कार्य कर रहे है उसे और बेहतर ढंग से करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह समय से आयोजित किये जा रहे है तथा परीक्षायें समय से हो रही है। विश्वविद्यालयों में नकल रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें आशातीत सफलता भी मिली है। उन्होंने नववर्ष 2016 की सभी को हार्दिक बधाई दी है।

इस अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति एवं पूर्व ब्रिगेडियर अहमद अली ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का प्रोग्राम निःशुल्क चलाया जा रहा है। इस विद्यालय के शिक्षक भी निःशुल्क ट्रेनिंग प्राप्त कर सकते है।

इस अवसर पर लखनऊ की विधायक श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि छात्राओं के इस कालेज में उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल स्वयं उपस्थित हैं। प्रतापगढ़ के सांसद कुंवर श्री हरिवंश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व राज्य मंत्री श्री मुईद अहमद ने श्री राज्यपाल का स्वागत किया तथा कालेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अंगवस्त्र प्रदान कर अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व कव्वाली प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम में सुल्तानपुर के जिलाधिकारी श्री एस0राजलिंगम एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनय कुमार यादव भी उपस्थित थे।

हमीद अहमद मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कालेज
के वार्षिकोत्सव पर

हमीद अहमद मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कालेज
के वार्षिकोत्सव पर

हमीद अहमद मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कालेज
के वार्षिकोत्सव पर

हमीद अहमद मेमोरियल गर्ल्स इण्टर काले